# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 23.06.2024 समय : 1905

<><><><>

- अट्ठरहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। पहले दिन नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।
- शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है।
- आज होने वाली मेडिकल स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा नीट–पीजी स्थगित कर दी गई है।
- भारतीय मानक ब्यूरो– बी.आई.एस. ने विद्युत वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो नए मानक लागू किए हैं।
- जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

<><><><>

अट्ठरहवीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि मेहताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री मेहताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव छब्बीस जून को होगा। सत्ताईस जून को लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

<><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, आज होने वाली मेडिकल स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा नीट–पीजी स्थगित कर दी गई है। परीक्षा की नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के आरोपों के बाद लिया गया है।

<><><><>

भारतीय मानक ब्यूरो– बी.आई.एस. ने विद्युत वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए दो नए मानक लागू किए हैं। ये मानक बैटरी की सुरक्षा और क्षमता से संबंधित हैं। नए मानक एल, एम और एन श्रेणियों के बिजली चालित वाहनों के लिए हैं। अब विद्युत वाहन और इनके उपकरणों के लिए भारतीय मानकों की संख्या तीस हो गई है। इनमें चार्जिंग प्रणाली के मानक भी शामिल हैं। नए मानक पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

<><><><>

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि समय पर कर हस्तांतरण, वित्त आयोग से अनुदान और जीएसटी क्षतिपूर्ति बकाया के माध्यम से राज्यों को केंद्र के समर्थन का उद्देश्य राज्यों में विकास को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्री ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यों से केंद्र सरकार की राज्य पूंजी निवेश विशेष सहायता योजना का लाभ उठाने को कहा।

<><><><>

अण्डमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की अट्ठाईसवीं बैठक श्रम आयुक्त के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। रोज़गार और श्रम सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड, आयुषमान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बोर्ड में पंजीकृत निर्माण कामगारों को लाभ पहुंचाने पर काम कर रहा है। बैठक में पंजीकृत निर्माण कामगारों को सामाजिक सुरक्षा सहायता का लाभ देने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने इस योजना के तहत सभी पंजीकृत कामगारों को लाभ और सहायता सुनिश्चित करने को कहा। श्री अनिल अग्रवाल ने बोर्ड के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे बोर्ड की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निमार्ण कार्यो से जुड़े कामगारों तक पहुंचाने के लिए उनमें जागरूकता उत्पन्न करें। विचार–विमर्श के बाद विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत छियासठ दावों का निपटारा करते हुए तेईस लाख से अधिक की राशि जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इन राशियों का भुगतान स्वीकृत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण बोर्ड पर दिया जाएगा। बोर्ड की स्थापना से लेकर अब तक योजना के तहत तैंतीस करोड़ रूपए से अधिक की राशि पात्र लाभार्थियों में वितरित किए जा चुके है।

<><><><>

जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर आज भारतीय जनता पार्टी की ओर से द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। पोर्ट ब्लेयर के वाई. नारायण जंक्शन में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतीमा पर माल्यार्पण किया गया। राज्य सचिव तथा कार्यक्रम प्रभारी के. परमा शिवम ने अपने विचार रखें। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने अपने श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग और बलिदान तथा उनके जीवन से जुड़े घटनाओं पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम के सह–प्रभारी मोहन हलदार ने भी उपस्थिति को संबोधित किया।

<><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन और वादवानी फाउंडेशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है। मध्य स्तर के अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, कम्प्युटर विज़न जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। आयोजित सत्र में मुख्य सचिव, विभिन्न सचिवों, कार्यालय अध्यक्षों के साथ दो सौ से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। प्रत्येक सत्र में प्रतिभागियों को आसान तरीके से सीखने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सरकारी कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। समस्याओं का समाधान करने और नए प्रयासों को विकसित करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><>

डिगलीपुर आई सी डी एस परियोजना ग्रामीण में अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों में भर्ती की जाएगी। लिंग विशेषज्ञ के दो पद के अलावा तृतीय साक्षारता विशेषज्ञ के एक पद में भर्ती की जाएगी। चुने गए उम्मीदवारों को प्रतिमाह पच्चीस हजार रूपए की एक मुश्त राशि दी जाएगी। लेखा सहायक के एक पद और एम. टी. एस के एक पद में भी भर्ती होगी। निर्धारित योग्यता धारक उम्मीदवार मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन पन्द्रह जुलाई तक डिगलीपुर के सी डी पी ओ कार्यालय में सीधे या डाक के जरिए जमा कर सकते है।

इस बीच समाज कल्याण विभाग में मिशन वात्सल्य योजना के तहत अनुबंध के आधार पर विभिन्न पदों में की जाने वाली भर्ती की निर्धारित तिथि को फिलहाल स्थगित किया गया है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

<><><><>

भातूबस्ती के अण्डमान बैडमिंटन क्लब ने कल से परिचय मेमोरियल बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। पंजीकृत खिलाड़ियों से सुबह साढ़े आठ बजे रिपोर्ट करने को कहा गया है।

बॉक्सिंग एसोसिएशन अंडमान निकोबार ने राज्य ओलम्पिक संघ के सहयोग से कोचिंग की व्यवस्था की है। प्राथमिक और अग्रिम कोचिंग में भाग लेने वाले इच्छुक लोग अपने नाम तीस जून तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलम्पिक संघ कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

**<><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पच्चीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। हटबे में पच्चीस, कार–निकोबार में सोलह दशमलव चार मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में पच्चीस, लौंग आइलैंड में पांच दशमलव नौ और ननकौड़ी में बारह मिलीमीटर वर्षा हुई। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघण्टे की रफ्तार से चलने की आशंका है। खराब मौसम और समुद्र के अशांत होने के कारण मछुआरों को कल से सत्ताईस जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><>**